THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF AGRICULTURE AND COOPERATION IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI NITISH KUMAR): (a) Sir, The progress of ICAR Institutes is evaluated every five years by outside experts, who comprise Quinquennial Review Teams (Q. R. T. s). As on 31. 12. 1989, out. on 46 Institutes, 38 Institutes had completed five year term, requiring constitution of Q R. Ts. constitution ol teams in respect of all the 38 Institutes, has been done. The Reports from 27 Q. R. Ts. have been received.

(b) No.

(c) No.

समुद्री उत्पादों में लगे व्यक्तियों की समस्याएं

2726. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कि बहुत बड़ा वर्ग, जो अधिकांशतः पिछड़े वर्ग से संबंध रखता है, समुद्री उत्पादों द्वारा आजीविता अर्जित करता है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इन उत्पादों का निर्यात करके देश भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा कमा रहा है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन समुद्री उत्पादकों की समस्याओं का अध्ययन करके उनके निवारण हेतु कोई ठोस कदम उठाए हैं ; और

(घ) यदि हां, तो उनका विस्तृत ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री नितिश कुमार) : (क) तटवर्ती राज्यों संघीये क्षेत्र में लगभग 22 लाख समुद्री मछुआरा समुदाय सामुद्रिक उत्पादों से अपनी आजीविका कमाते हैं। यद्यपि मत्स्य कार्य में लगे अधिकतर मछुआरे पिछड़े वर्गों के हैं, तथापि समुद्री मछली के परिसंस्करण/व्यापार उद्योग में लगे अधिकांश लोग पिछड़े वर्गों के नहीं है।

(ख) 1989-90 के दौरान 634.75 करोड़ रुपए मूल्य के 1.10 लाख मीटरी टन समुद्री उत्पादों का निर्यात किया गया।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न ही नहीं होता।

सवाई माधोपुर तथा जोधपुर के बीच बड़ी रेल लाइन बिछाया जाना

2727. **डा. अ.रार अहमद खान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सवाई माधोपुर से जोधपुर तक बड़ी रेल लाइन बिछाने पर कितना धन खर्च होगा और यह कार्य कब तक पूरा हो जाएगा और इस कार्य पर प्रतिवर्ष कितनी धनराशि खर्च की जाएगी;

(ख) सवाई माधोपुर से जोधपुर तक बड़ी रेल लाइन बिछाने के लिए केन्द्र सरकार ने कितना धन उपलब्ध कराया है; क्या उपलब्ध कराया गया यह धन आनुपातिक दृष्टि से पर्याप्त है; यदि नहीं, तो क्या सरकार इस वर्ष के दौरान इस कार्य के लिए समुचित धनराशि उपलब्ध कराएगी; और

(ग) इस बड़ी रेल लाइन को बिछाने का कार्य कब प्रारंभ होने जा रहा है और इस कार्य में तेजी लाने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

रेल मंत्री (श्री जार्ज फर्नांडीज) : (क) से (ग) सवाई माधोपुर-जयपुर मीटर लाइन का बड़ी लाइन में बदलाव, जयपुर और फेलेरा के बीच एक समानांतर लाइन की व्यवस्था तथा फुलेरा